कार्यक्रम • कृषि विश्वविद्यालय के विद्यापति सभागार में बधाई समारोह का आयोजन किया गया

कृषि विवि पूसा से छात्रों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट होना विवि के लिए काफी गौरव की बात : कुलपति

भास्कर न्यूज़|पूसा

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के विद्यापति सभागार में कृषि व्यवसाय एवं ग्रामीण प्रबंधन संकाय में अध्ययनरत 21-23 सत्र में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के शत प्रतिशत प्लेसमेंट को लेकर एक बधाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस पांडे ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विवि में जो छात्रों का शत प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है यह क्षण विवि के लिए काफी गर्व का क्षण है। उन्होंने

कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति।

कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के हित के लिए लगातार सक्रिय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने में छात्र-छात्राओं की भूमिका काफी अहम होगी। कुलसचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार ने कहा कि कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय लगातार सफलता की ओर बढ़ रहा है। निदेशक शिक्षा डॉ. एम एन झा ने कहा कि छात्र छात्राओं के मेहनत से विश्वविद्यालय कृषि के क्षेत्र में अग्रणी होगा। कृषि स्नातकोत्तर अधिष्ठता डॉ. के एम सिंह ने कहा कि भविष्य का भारत आज के ही छात्र-छात्राओं पर केंद्रित होगा।

सुमोना रॉय का 8.30 लाख सालाना पैकेज पर हुआ चयन

समारोह के दौरान डॉ. रामदत्त ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कृषि व्यवसाय एवं ग्रामीण प्रबंधन से जुड़े 3 वर्षों में हुए छात्रों के प्लेसमेंट आदि से संबंधित जानकारी तमाम लोगों को दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण प्रबंधन संकाय के छात्रा सुमोना रॉय को आठ लाख तीस हजार एवं कृषि व्यवसाय के सोनी तिवारी को नौ लाख पचास हजार के वार्षिक पैकेज पर अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के द्वारा चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व सत्र में अध्ययनरत छात्र मनिंदर सिंह का चयन सैंतीस लाख के पैकेज पर किया गया है। इस अवसर पर चयनित छात्रा सुमोना रॉय ने अपने अध्ययन काल के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं कड़ी मेहनत एवं ध्यान केंद्रित करके शिक्षा प्राप्त करते हुए जीवन के अहम मुकाम को पा सकते है। प्रो. राज कमल वर्मा ने कृषि के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रितंभरा ने किया। इस अवसर पर निदेशक अनुसंधान डॉ. एके सिंह, अधिष्ठता डॉ. अंबरीश कुमार, डॉ. पी पी श्रीवास्तव, डॉ. उषा सिंह, डॉ. डी के रॉय, सूचना पदाधिकारी डॉ. कुमार राज्यवर्धन, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. संजीत समीर, डॉ. शिव पूजन सिंह, डॉ. ए आर श्रवंथी, डॉ. रश्मि सिन्हा, डॉ. राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

Dainik Jagran 28-07-2023